# सभी विधानसभा क्षेत्रों में होंगे कृषि सम्मेलन

## मप्र देश का इकलौता राज्य जो 5 रुपए में बिजली कनेक्शन दे रहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और कृषक कल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे.**

किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी उपायों पर क्रियान्वयन तेज किया जाएगा. कृषक कल्याण वर्ष का लाभ किसानों के परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है. मप्र, देश का इकलौता राज्य है, जो 5 रुपए में किसानों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवा रहा है. ये किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.



उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में कृषि सम्मेलन होंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय सहभागिता जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मप्र के पुराने विधानसभा भवन का पवित्र स्थान है. इस स्थान पर कृषक कल्याण योजनाओं पर केन्द्रित कार्यशाला राज्य सरकार के कृषि क्षेत्र को दी जा रही प्राथमिकता का भी प्रतीक है.

### दुग्ध उत्पादन 20 बढ़ेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है. पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध कलेक्शन 25 प्रतिशत बढ़ा है. अब प्रदेश में प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर दूध कलेक्शन किया जा रहा है. दूध का मूल्य भी 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ा है. इससे दुग्ध उत्पादकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यशाला में लगभग सभी प्रमुख विभाग शामिल हुए हैं. राज्य की आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इन 16 विभागों के तहत आ जाता है. प्रदेश में सिंचाई का रकबा 100 लाख हैक्टेयर करने के लिए निरंतर कार्य हो रहा है. प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कृषि यंत्रों की दुकानें खुलेंगी, जिनसे लघु कृषकों को खेती के लिए किराये पर यंत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे. विधायक अपने क्षेत्र में 4 से 5 कृषि सम्मेलन करें, इसके लिए कृषि विभाग ने प्रति विधानसभा क्षेत्र 5 लाख रुपए आवंटित करने का निर्णय किया है.

### जल संचयन में मॉडल स्टेट बनेगा मध्यप्रदेश

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है. इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. हम हर गांव, हर शहर और हर नागरिक को जल संरक्षण के कार्यों से जोड़ना चाहते हैं. समाज और सरकार जब साथ मिलकर काम करेंगे, तो मप्र समृद्धि की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा. प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा, इससे मप्र जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक मॉडल स्टेट बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है. भारतीय नववर्ष प्रतिपदा गुढ़ी पड़वा के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है.

# उमंग सिंघार ने की जीएसटी चोरी की जांच की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 मार्च. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर हो रही कथित संगठित जीएसटी चोरी के मामले की केंद्रीय स्तर पर व्यापक जांच कराने की मांग की है.**



पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष, राज्य के वित्त मंत्री तथा वाणिज्यिक कर विभाग के प्रमुख सचिव को भी भेजी गई है. पत्र में सिंघार ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख औद्योगिक जिलों से प्राप्त विस्तृत जानकारी से संकेत मिलते हैं कि एक संगठित नेटवर्क बिना वैध कर भुगतान के राज्य में माल का परिवहन और व्यापार कर रहा है. शिकायत के अनुसार गुजरात, महाराष्ट्र सहित कई दक्षिणी राज्यों से लोहे से संबंधित सामग्री, निर्माण सामग्री और मसालों जैसे सामान मध्यप्रदेश में लाए जा रहे हैं.

पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि जीएसटी देनदारी से बचने के लिए फर्जी या हेरफेर किए गए ई-वे बिल और कम मूल्य के बिलों का व्यापक दुरुपयोग किया जा रहा है. सिंघार ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से केंद्र और राज्य सरकार को हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो सकता है और मामले की निष्पक्ष व गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए.

# 1825 सिलेंडर जब्त, 8 के खिलाफ एफआईआर

## एसीएस ने मंत्रालय में ऑयल कंपनियों के साथ लगातार चौथे दिन की समीक्षा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 मार्च. प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर को लेकर बुकिंग एजेंसियों के बाहर लगातार लग रही कतारों के बीच कंपनियों ने लोगों को ऑनलाइन बुकिंग करने की सलाह दी है. कंपनियों ने आश्वस्त किया है कि प्रदेश में पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध है. इस बीच प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध लगातार कार्यवाही भी जारी है.**

प्रदेश में 1116 स्थानों पर कार्यवाही कर 1825 सिलेंडर जब्त किये गए तथा 08 प्रकरण में एफआईआर की गयी. पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी है, जो प्रदेश में कामर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी.



अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरूण शमी ने सोमवार को भी मंत्रालय में खाद्य विभाग के अधिकारियों तथा ऑयल कंपनियो के प्रतिनिधियों के साथ पेट्रोल, डीजल, पीएनजी, सीएनजी तथा घरेलू गैस की आपूर्ति के संबंध मे समीक्षा की. एसीएस शमी द्वारा सिलेन्डर की वितरण व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं. ऑयल कंपनियो के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कंपनियो ने मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है. उपभोक्ता बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें तथा अनावश्यक रूप से एजेंसी पर जाने से बचें. ऑयल कंपनियो के प्रतिनिधि द्वारा यह भी बताया गया कि रविवार 15 मार्च को अवकाश के बाद भी तीनों गैस कंपनियों द्वारा लगभग 1,20,000 गैस सिलेन्डर घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान करने के लिए उपलब्ध कराये गए हैं.

> औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संस्थाओ से आग्रह किया गया है कि वे उपलब्धता अनुसार पीएनजी के कनेक्शन लें. पीएनजी की आपूर्ति लगातार बनी हुई है और आगे भी जारी रहेगी. ऑयल कंपनी के स्टेट नोडल ऑफिसर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, घरेलू पीएनजी तथा सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता है. गैस सिलेण्डर का पर्याप्त स्टॉक है. प्रदेश के बॉटलिंग प्लांट एवं वितरकों के गोदाम में पर्याप्त सिलेण्डर उपलब्ध हैं. घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि विगत अंतिम रिफिल के 25 दिन बाद पुन: बुकिंग करायें.

# डिजिटल अरेस्ट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी.** जिले में पुलिस ने जंगल में छापा मारकर अश्लील वीडियो बनाकर डिजिटल गिरफ्तारी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों ने ये जानकारी देते हुए गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम ठाकुरदास लोधी, परेश्वर लोधी एवं भोला लोधी बताए हैं. उनके तीन साथी मौके से भागने में सफल हो गए. सूत्रों ने बताया कि आरोपियों के पास से एक कार, 60 हजार रुपए नगद एवं तीन एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर लगभग एक करोड़ रुपए की ठगी की गई है. ये राशि उन्होंने मकान बनवाने, संपत्तियां खरीदने तथा अपने भोग विलास में व्यय कर दी. साइबर ठगी को रोकने एवं फर्जी बैंक खातों का पता लगाए जाने हेतु प्रदेश में चल रहे ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत यह कार्रवाई की गई है.



# सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी का निधन

## बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 मार्च. वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की धर्मपत्नी सुभद्रा वर्मा का सोमवार को इंदौर में निधन हो गया.**

उनका अंतिम संस्कार रीजनल पार्क मुक्तिधाम में किया गया. उनके पुत्र पवन वर्मा ने मुखाग्नि देकर अपनी माता को भावभीनी विदाई दी. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

इस दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं. उन्होंने कहा कि सुभद्रा वर्मा सरल और सौम्य व्यक्तित्व की धनी थीं. पटवारी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति दें. उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरी प्रदेश कांग्रेस वर्मा परिवार के साथ खड़ी है.




इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC DRUM BRAKE in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

RS/Hero/06/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14